हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 जून 2025



*मुझे मत काटो में तुम्हें छाया और फल दूंगा, कुछ इस तरह का संदेश गांव के बुजुर्ग पेड़ों में लिखवाकर ग्राम पेंड्री के ग्रामीण न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित कर रहे, अपितु यहां के नौजवान भी पौधरोपण और गांव को हराभरा रखने अपने भूमिका निभा रहे हैं।*

# पुराने वृक्षों को बचाने लिखा संदेश : मुझे मत काटो मैं छाया और दूंगा फल

संतोष दुबे ⏭ राजनांदगांव

पर्यावरण दिवस

गांव में प्रख्यात कबीर आश्रम में लोगों को पर्यावरण के प्रति संदेश देने रक्त चंदन, सफेद चंदन से लेकर रूद्राक्ष के पौधे भी रोपित कर उसका नियमित रूप से संरक्षण-संवर्धन कर मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय से लगभग 13 किलोमीटर दूर सुकुलदैहान के पास आदर्श ग्राम पेंड्री की पहचान कबीर पंथ श्री हजूर 1008 आचार्य अर्धनाम साहेब के जन्म स्थली के नाम से है। यहां के ग्रामीणों ने शुरू से ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी-अपनी महती भूमिका निभाई है। खेत-खलिहान आंगन के

⏵⏵ शेष पेज 12 पर

## आदर्श ग्राम पेंड्री के कबीर आश्रम में चंदन से लेकर रूद्राक्ष के पौधे भी

### दो सौ वर्ष से अधिक उम्र का ईमली पेड़

गांव में गली के बाजू से एक ईमली का पेड़ है। जिसकी उम्र लगभग सवा दो सौ वर्ष की मानी जाती है। इस पेड़ के छांव लगभग चार पीढ़ियों के लोग ले चुके हैं। वहीं इसके फल के स्वाद का आनंद भी पूरा गांव उठा चुका है। पेड़ के बाजू से ही साहू परिवार का मकान है, जो नियमित रूप से इसकी देखरेख करते हैं। कच्चे मकान को जब पक्का बनाने का कार्य शुरू हुआ, तब यह पूरा ध्यान रखा गया कि गांव के बुजुर्ग वृक्ष को किसी प्रकार का नुकसान न होने पाए। ईमली के बुजुर्ग पेड़ सहित गांव में अन्य वर्षों पुराने पेड़ को संरक्षित रखने के लिए उसमें पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ, मुझे मत काटो मैं तुम्हे फल दूंगा का संदेश भी लगाया गया है।





### गौठान के पौधे ले रहे वृक्ष का रूप

बुजुर्गों के बाद अब नए पीढ़ी ने भी पर्यावरण की दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए बेहतर प्रयास शुरू किए हैं। गांव के विशाल गौठान में दो पीपल एवं एक बरगद का पेड़ था। जिसकी छांव में गौवंश एवं गांव के आम ग्रामीण घंटों बिताया करते थे। आयु पूर्ण होने पर जब उक्त पेड़ सूख गए। जिससे गौवंश सहित आम लोगों को उक्त स्थल को हराभरा रखने व दिन में छांव की चिंता सताने लगी, तब वहां पीपल, बरगद, नीम सहित अन्य छायादार पौधे रोपे गए, जब शनैः-शनैः वृक्ष का रूप धारण करने लगे हैं। जिसकी देखरेख में ग्रामीण अपना समय भी निकाल रहे हैं।

---

## इस बार खेती की तैयारी से पहले मानसून ने दस्तक देकर डाली खलल

# खेती किसानी को लेकर संशय में किसान मानसून ब्रेक की चिंता से अटकी तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस बार पंद्रह दिन से पहले ही मानसून के प्रदेश में आने से छग के किसान चिंतित हो गए हैं। खेती-किसानी की तैयारी के बीच मानसून के यूं आ जाने से किसानों में संशय की स्थिति निर्मित है। खाद व बीज सहित खेती में कचरों की सफाई के पहले ही बारिश ने किसानों को चिंता में डाल दी है।बारिश देख किसान जुताई कार्य का मन बना रहे हैं, लेकिन उन्होंने मानसून ब्रेक की चिंता भी सता रही है।

हरिभूमि ने कई किसानों से इस विषय पर चर्चा कि जिसमें ज्यादातर का कहना था कि अगर वे बोआई करते हैं तो आने वाले दिनों में बारिश रूक गई और मानसून ब्रेक होने पर उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि इस साल राजनांदगांव जिले में एक लाख 72 हजार हेक्टेयर में धान की फसल ली जानी है। हर साल मानसून नौतपा के निपटने के बाद जून माह के पखवाड़ा बीतने के बाद सक्रिय होता आया है, लेकिन इस बार नौतपा के बीच मानसून के दस्तक ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो 50 साल बाद ऐसी स्थिति है कि नौतपा के बीच मानसून ने दस्तक दे दी है। किसान सियाराम निषाद ने बताया कि इस बार वे खेतों के कचरों की सफाई नहीं कर पाए हैं। वहीं सोसायटी से अभी बीज और खाद भी नहीं ले पाए हैं। इससे पहले बारिश होने से चिंतित है। किसान पुकेश्वर साहू ने बताया कि अभी जुताई के लायक बारिश नहीं हुई है, जुताई करने पर उपरी हिस्से की मिट्टी निकल रही है। उनका कहना है कि जुताई के लिए और बारिश की जरूरत है।

## जिले में हर साल होती है पौने दो लाख हेक्टेयर में धान की खेती



### खर्रा बांवत भी नहीं कर पाए किसान

मानसून का समय से पहले दस्तक देने से इस बार किसान खेती की तैयारी नहीं कर पाए हैं। बारिश के कारण नमी अधिक हो गई है। पहली जुताई खर्रा बांवत के आधार पर होती है, लेकिन इस बार बारिश के कारण जुताई नहीं हुई है। उनका कहना है कि अभी शुरूआत में कम बारिश की जरूरत है। अभी जमीन पर्याप्त तरह से भीगा नहीं है। उनका कहना है कि अधिक बारिश से मिट्टी भीग जाने से जुताई की समस्या होगी, इसलिए किसान बोआई में हड़बड़ी न कर सही बांवत का इंतजार कर रहे हैं।

### इंतजार ही एक रास्ता

कृषि वैज्ञानिक नवीन खोब्रागढ़े ने बताया कि अभी किसानों को बोआई में हड़बड़ी न कर मानसून पूरी तरह से सक्रिय होने की सलाह दे रहे हैं। हालांकि मौसम विभाग ने इस बार पर्याप्त बारिश की संभावना व्यक्त की है, लेकिन खेती के अनुसार जमीन पूरी तरह से गीला होने पर ही बोआई करने कहा जा रहा है, ताकि मानसून ब्रेक होने पर नमी से अंकुरण हो सके। ऐसी स्थिति करीब पचास साल बाद बनी है, इसलिए मौसम की नजाकत को समझना होगा।

### सीधे करेंगे समाधान

खेती-किसानी से संबंधित विषयों की जानकारी देने के लिए विगत 29 में से विकसित कृषि संकल्प अभियान जिलेभर में चलाया जा रहा है, जो 12 जून तक प्रत्येक विकासखंड में अफसरों की तीन टीम बनाई गई है। वे प्रतिदिन दो-दो गांव में जाकर किसानों से मुलाकात करेंगे। वहीं शिविर लगाकर किसानों की सुनवाई की जाएगी।

**- एनएल पांडे,** डीडीए

---

# फैक्ट्री के स्टाफ रूम में मजदूर की हत्या

## सड़ी-गली अवस्था में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

टेडेसरा इलाके में स्थित फैक्ट्री के मजदूरों को रहने वाले घर में एक मजदूर की हत्या कर दी गई, जब लाश से दुर्गन्ध आनी शुरू हुई, तब लोगों की इसकी जानकारी हुई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की एवं शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेडेसरा में स्थित पीएस स्टील फैक्ट्री में उत्तरप्रदेश निवासी धर्मेन्द्र सिंह उम्र लगभग 36 वर्ष मजदूर के रूप में कार्यरत था। फैक्ट्री के गेट के आगे मजदूरों के रहने के लिए बैरक घर



बने हुए हैं। जिसमें धर्मेन्द्र सिंह की सड़ी-गली लाश आज दोपहर को मिली। लाश से बदबू आने पर लोगों को यह घटनाक्रम पता चला। पुलिस के मुताबिक जिस रूम में धर्मेन्द्र मृत मिला, वहां बाहर से दरवाजा बंद था। घटनास्थल को देखते हुए प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। बताया गया कि मृतक को रविवार को अंतिम बार देखा गया था।

### पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की बारिकी से जांच-पड़ताल की एवं शव को पीएम के लिए चिकित्सालय भिजवाया गया। घटनाक्रम की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। परिजनों के आने के पश्चात ही शव का पीएम कराया जाएगा। इस घटना की जानकारी जैसे ही अन्य लोगों को हुई क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही उक्त व्यक्ति के मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

---

# महेश नवमी पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माहेश्वरी समाज द्वारा आज धूमधाम से महेश नवमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें प्रदेश पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

भगवान महेश नवमी के अवसर पर शहर के महेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक, फल वितरण सहित विभिन्न आयोजन किए गए।

शहर के महेश्वरी भवन में आयोजित कार्यक्रम को लेकर समाज के पवन डागा ने बताया कि महेश्वरी भवन के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 7 बजे से रुद्राभिषेक प्रारंभ किया गया। इसके बाद वृक्षारोपण और वृद्धा आश्रम में फल वितरण, भोजन वितरण किया गया। वहीं जरूरतमंदों के लिए रेलवे स्टेशन, वृद्धा आश्रम सहित अन्य संस्थानों में व्हीलचेयर का वितरण किया गया है।



### विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम

महेश नवमी के आयोजन को लेकर समाज के संगठन मंत्री राजेंद्र चांडक ने बताया कि सेवा संकल्प और सम्मान के साथ आयोजन किया जा रहा है। वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि महेश नवमी माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति दिवस है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश और दुनिया में एक साथ महेश नवमी का पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान महिला मंडल द्वारा भी उत्साह से आयोजनों में हिस्सा लिया गया है। वहीं समाज के महामंडल पदाधिकारी प्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के निर्देश पर महेश नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह प्रभातफेरी, वृक्षारोपण, फल वितरण सहित कई आयोजन किए गए हैं।

### भंडारा प्रसादी का आयोजन

शहर के महेश्वरी भवन से गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान भोलेनाथ की झांकी बनाई गई थी। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस महेश्वरी भवन पहुंची, जहां भंडारा प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

---

# मां बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ी में दिखा भालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कुरूभाट में 2 दिन तक चहल-कदमी करने के बाद भालू ओझल हो गया था। बुधवार को देर शाम भालू को मां बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ी में देखा गया। पहाड़ी में भालू की मौजूदगी के बाद वन विभाग का अमला निगरानी में लगा रहा। गौरतलब है कि चंद्रगिरि, प्रज्ञागिरि तीर्थ के बीच से गुजरे मार्ग में बस्ती के बीच भालू को देखने भीड़ उमड़ पड़ी थी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर भालू को पकड़ने रेस्क्यू आपरेशन चलाया।



पहले दिन वन विभाग को छकाने के बाद घंटों पेड़ की छांव में सोया रहा। दूसरे दिन आसपास घूमने के बाद भालू वन कर्मचारियों की नजर से ओझल हो गया। जिसके बाद टीम मौके से लौट गई। बताया गया कि देर शाम भालू मां बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ी में नजर आया। वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

---

# ग्रामीण बैंक में चार दिनों के भीतर दूसरी बार लॉकर तोड़ने का प्रयास असफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नक्सल ऑपरेशन के गढ़ मानपुर नगर में चोरों ने जहां आतंक मचाया हुआ है। इसी बीच मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भर्रीटोला स्थित ग्रामीण बैंक में चार दिनों के भीतर अज्ञात चोरों ने दस्तक दिया है। इधर इस पूरे मामले की पतासाजी के लिए पुलिस ने अपनी टीमें गठित कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी शीघ्र गिरफ्त में होंगे।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले चार दिनों के भीतर मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भर्रीटोला स्थित ग्रामीण बैंक में दो-दो बार चोरों ने दस्तक देते हुए बैंक के भीतर बड़े आराम से घुसकर लाकर तोड़ने का प्रयास करते आ रहे हैं। बताया गया कि चोरी की घटना को अंजाम देने पहुंचे चोरों ने बैंक में लगे



सीसीटीवी कैमरा का डीबीआर भी निकालकर ले गए हैं। जिसके कारण चोरों की पहचान नहीं हो सकी है। इधर 3 तारीख की रात को वेंटीलेशन से घुसकर बैंक के भीतर दाखिल हुए, परंतु मजबूत लॉकर को नहीं तोड़ पाए।

ग्रामीण बैंक में दो-दो बार चोरी की वारदात के घटनास्थल पहुंचकर डॉग स्क्वार्ड व मानपुर थाना की फोर्स मामले की जांच में जुटी हुई है।

### डीवीआर लेकर निकल गए चोर

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चोरी के दूसरे प्रयास में बीती रात चोरों ने जहां बड़े आराम से बैंक में घुसकर लॉकर तोड़ने का प्रयास किया। वहीं पहचान से बचने के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर लेकर वे यहां से निकल गए।

### की जा रही है जांच

बैंक में दूसरी बार चोरी का प्रयास हुआ है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**- प्रशांत पैकरा,** एसडीओपी, मानपुर

---

# बाइक को वाहन ने ठोका एक की मौत, दूसरा घायल

- सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ड्यूटी कर बाइक में सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे दो लोगों को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भर्रेगांव निवासी प्रेमचंद निषाद 55 वर्ष 3 जून को टेडेसरा स्थित कंपनी में नाईट ड्यूटी कर वेदप्रकाश केसरिया निवासी भर्रेगांव के साथ घर वापस आ रहे थे। वे ग्राम खुटेरी पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि




विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे प्रेमंचद निषाद के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोंट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक वेदप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घटना में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

---

## मोबाइल में ओटीपी नहीं आने के कारण अटका तीन माह का राशन

# फिंगरप्रिंट मैच नहीं होने से दुकानों में लग रही कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तीन माह का एक साथ सस्ता चावल लेने राशन दुकानों में उमड़ रही भीड़ को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल में ओटीपी नहीं आने और फिंगरप्रिंट मैच नहीं होने से हितग्राहियों को भूखे-प्यासे कतार में खड़े रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हितग्राहियों का कहना है कि पूरी प्रक्रिया इतनी अधिक जटिल है कि अधिकांश हितग्राहियों को सुबह से शाम तक इंतजार करने के बाद वापस लौटना भी पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा राशन कार्डधारियों को इस बार तीन माह का एक साथ चावल देने का निर्णय लिया गया है। एक साथ तीन माह का चावल मिलने की घोषणा के साथ ही उपभोक्ताओं के चेहरे खिल गए थे, लेकिन ई-पाश मशीन थंब मशीन के कारण उन्हें अच्छी-खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोपेडीह राशन दुकान में सुबह से चावल लेने का इंतजार कर रहे महिलाओं ने हरिभूमि को बताया कि वे सुबह आठ बजे से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन दोपहर तीन बजे के बाद भी उन्हें राशन नहीं मिल पाया है। महिलाओं का कहना है कि कई हितग्राही जब काउंटर में पहुंच रहे है तो उनके



मोबाइल में ओटीपी नहीं आ रहा है तो कई ने अपना मोबाइल नंबर ही बदल दिया है। जिसके कारण उन्हें वापस लौटाया जा रहा है। यही हाल फ्रिंगरप्रिंट मैच नहीं होने के कारण भी निर्मित हो रही है। इधर शहर की भी राशन दुकानों में भी यही स्थिति दिखाई दी। यहां भी सर्वर के काफी धीमा होने के कारण उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### एकमुश्त तीन माह के लिए शक्कर नहीं

राशन दुकानों में तीन माह का चावल एकमुश्त दिया जा रहा है, लेकिन हितग्राहियों को शक्कर और नमक लेने के लिए हर माह राशन दुकान जाना होगा। संचालकों ने बताया कि राज्य सरकार ने सिर्फ चावल की सप्लाई की है। शक्कर के लिए हितग्राहियों को हर माह दुकान आना होगा।

### भूखे-प्यासे घंटों इंतजार

राशन दुकान में चावल लेने का इंतजार कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि वे सुबह से कतार में खड़े हैं। भूखे-प्यासे उन्हें सरकारी राशन लेने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। हितग्राहियों का कहना है कि सरकार को वितरण की व्यवस्था को सुगम बनाना चाहिए।

### दुरूस्त होगी व्यवस्था

कुछ राशन दुकानों से इस आशय की शिकायत मिली है। इस मामले की जानकारी राज्य शासन को दे दी गई है। शीघ्र ही व्यवस्था दुरूस्त हो जाएगी।

**- रविन्द्र सोनी,** जिला खाद्य अधिकारी

### कनकीयुक्त चावल की सप्लाई

राशन दुकानों में कनकीयुक्त चावल की सप्लाई की गई है। हितग्राहियों ने बताया कि तीन माह के लिए मोटा चावल दिया जा रहा है। वहीं कनकी भी ज्यादा है। कई राशन दुकान संचालकों ने इसकी शिकायत भी खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम से की है, लेकिन अभी तक चावल की जांच नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री से मांगी एम्बुलेंस सुविधा



**सड़क अतरिया।** पैलीमेटा में ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने चिकित्सालय तो खुल गया है परन्तु सुविधा के अभाव में मरीज एवं घायलों को हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में भाजयुमो के अनुज साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर पैलीमेटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 एवं 102 एंबुलेंस सुविधा की मांग किया। अनुज साहू ने बताया कि पैलीमेटा स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन आपातकालीन मरीज, एक्सीडेंटल एवं जचकी के केस आते है। रिफर होने की स्थिति में एंबुलेंस नही मिलने पर मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पैलीमेटा स्वास्थ्य केंद्र में 108 एवं 102 एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया। इस मौके पर युवराज पटेल, आनंद सिन्हा, बंशी रजक, भुनेश्वर सेन एवं तुलेंद्र साहू उपस्थित थे।

### गायत्री जयंती पर विविध आयोजन आज

**अंबागढ़ चौकी।** नगर के गायत्री शक्तिपीठ में कल 5 जून को गायत्री जयंती पर्व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ में एक दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है। गायत्री जयंती के मौके पर सुबह 5 से 6 बजे तक देव जागरण, देव स्थापना एवं देव पूजन होगा। तत्पश्चात एक घंटे का सामूहिक गायत्री महामंत्र का जप अनुष्ठान होगा। सभी परिजनों द्वारा अग्निहोत्र यज्ञ हवन किया जाएगा। इसी क्रम में ग्राम पांगरी के 24 घरों में घर-घर यज्ञ हर घर यज्ञ अभियान के तहत 24 घरों में 24 पुरोहितों द्वारा 24 कुंडली गायत्री यज्ञ किया जाएगा। आयोजकों ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी चैतराम निषाद, शंभू प्रसाद, मुकुंदरम निषाद एवं चतुरराम देवांगन ने दी।

### पूर्व सीएम बघेल का स्वागत



**तुमड़ीबोड़।** डोंगरगढ़ में आयोजित संविधान बचाओ रैली में सम्मिलित होने जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ग्राम में आत्मीय स्वागत किया गया। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू एवं जनपद सदस्य सरिता साहू के घर जाकर सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान साहू परिवार ने गमछा पहना कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, थानेश्वर पाटिल, पंकज बांधव, गौतम वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, भुनेश्वरी साहू, लिकेश गंधर्व, भूपेन्द्र सोनवानी, पुनित वर्मा, किशोर साहू, रमेश गंधर्व, बासनबाई, लता उइके, मीना, जया साहू, निर्मला, घनश्याम साहू, जिज्ञासा ठाकुर, खिलेश्वरी, तुलु साहू, उमेश वर्मा, संजीव साहू, बुधारु निषाद, लक्की वर्मा, धीरज साहू, हेमंत साहू, दीपक सेन, मुकेश साहू, चंदू साहू, बलराम निषाद, विजय वर्मा, मन्नू साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्राध्यापकों और छात्रों ने चलायी साइकिल



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर ईकाई के तत्वावधान और प्राचार्य ईव्ही रेवती के निर्देशन में विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। प्राचार्य सहित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भविष्य के लिए साइकिल चलाना थीम पर कालेज परिसर में साइकिल चलाकर साइकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओ और फिट रहो- हिट रहो का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ रेवती ने कहा कि साइकिल यातायात और स्वास्थ्य के लिए सशक्त माध्यम है इसलिए इसे दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे, जीके यादव, बेदप्रकाश साहू, नितेश तिरपुडे, नितिन शांडिल्य, केजी सोनकर, सुशील सोनवानी, संदीप गजभिये, शैलेन्द्र यादव, चित्रा खोब्रागढे, प्रीति सहारे, महेश कोटांगले सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जैसे किया वैसा फल मिल रहा कांग्रेस को



**डोंगरगढ़।** 15 वे वित्त की राशि के आबंटन में जनपद सदस्यों के आरोप पर कटाक्ष करते हुए जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि यह वही जनपद सदस्य हैं जिन्होंने कांग्रेस शासनकाल में दादागिरी के साथ 15 वी वित्त की राशि का बंदरबांट किया। उन्होंने भाजपा के जनपद सदस्यों को फूटी कौड़ी भी नहीं दिया था तब यह जनपद सदस्य कहां थे? कांग्रेस के जनपद सदस्यों ने पंचायतों में दखल देते हुए बिना स्टीमेट और जरूरत के सिंटेक्स टंकी का वितरण किया था जिसका अब तक उपयोग नहीं हुआ है। इसी प्रकार मार्केट रेट से ज्यादा में लाइट क्रय किया गया। सरकारी पैसे से टी शर्ट बांट कर राशि का दुरुपयोग किया गया था तब जनपद सदस्य मौन थे।

### स्टेशन में जल वितरण



**डोंगरगरढ़।** भीषण गर्मी को देखते हुए रेलवे स्टेशन में मंगलवार को शीतल जल की व्यवस्था की गई। दिनभी सभी गाड़ियों के यात्रियों को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों की उपस्थिति जल प्रदाय किया गया। स्टेशन प्रबंधक की इस पहल का सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की है। लोगों ने बम्लेश्वरी सेवा समिति का भी आभार व्यक्त किया।

### ग्राऊंड और सड़क किनारे अतिक्रमण



**डोंगरगढ़।** मेला ग्राउंड के आसपास और मुख्य सड़क पर बडे पैमाने पर कब्जा कर लोग अस्थाई ठेला, होटल अन्य दुकान लगाकर कब्जा कर रहे है। छोटे व्यवसायियों के लिए नगर पालिका 30 से 40 दुकाने 10 साल पहले बना चुकी है जिसका आबंटन अब तक नहीं होने के कारण कई लोग कब्जा कर रहने लगे हैं। कई दुकाने जर्जर हो चुकी है। कुछ दुकानो के शटर क्षतिग्रस्त होने के साथ गायब हो गए है। पालिका सडक में दुकान लगाने वालों को हटाकर उनका व्यवस्थापन करने में नाकाम रही है। इन खाली दुकानों का आबंटन होता तो पालिका को हजारों की आय हो सकती है।

# इस युवा को है पर्यावरण से प्रेम, 10 सालों से चला रहा मुहिम, हर साल लगाते हैं सैकड़ों पौधे

**युवक के प्रयास से गांव-गांव में फैल रही हरियाली, प्रयास की सभी कर रहे सराहना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ टेलकाडीह

जहां एक तरफ पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाखों रूपए खर्च कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभियान चला रहे है। वही दूसरी ओर राजनांदगांव जिले के एक छोटे से बासुला गांव का युवक पिछले 10 सालों से पर्यावरण व जल संरक्षण की मुहिम अपने दम पर छेड़ रखा है। इस शख्स का नाम तेजस्वी वर्मा है। जो हर साल पौधे लगाकर पर्यावरण दिशा में एक बेहतर पहल कर रहा है।उन्होने अपनी मुहिम को हर साल बढ़ाते हुए नए लोगों को प्रेरित कर खुद उनके साथ पौधरोपण उन्हे सुरक्षित रखने के लिए सकल्पित रहते है।

### पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है

वर्मा का कहना है आधुनिकता की इस आंधी में बड़े पैमाने पर पेड़ो की बलि दी जा रही है। पेड़-पौधे हमें आक्सीजन देते है। पेड़ो की कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। जिसके चलते विभिन्न प्रकार के बीमारी उत्पन्न हो रही है। समय पर वर्षा नहीं हो रहा है। गर्मी भी अत्यधिक पड़ रहा है।गांव-गांव जलसंकट गहराता जा रहा है। इस लिहाज से पर्यावरण की सरक्षण अति आवश्यक है। वर्मा ने लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाकर प्रकृति को बचाएं।

### खुद की खर्च से करते हैं पौधरोपण

तेजस्वी वर्मा ने बताया कि यदि कही पौधरोपण करना होता है तो वे खुद अपने खर्च का पौधा लाकर पौधरोपण करते है। आज तक उन्होने किसी से एक रूपया भी नहीं लिया है। उन्हे न तो इस काम में किसी संस्था अथवा विभाग का कोई सपोर्ट नही है। यह काम वे स्वय करते है। वह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित वित्तिय साक्षरता का कार्य करता है। इस काम में मिलने वाले राशि का कुछ हिस्सा पर्यावरण व जल संरक्षण की मुहिम में खर्च करता है।



### जारी रहेगा अभियान

तेजस्वी वर्मा क्षेत्र के ऐसे युवा है जो इस भागदौड़ जिंदगी में पर्यावरण के लिए समय निकालकर अकेले अपने दम पर पौधरोपण करना वाकई में काबिले तारीफ है। इससे अन्य लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

- **शीला टाकेश सिन्हा**, सदस्य, जिला पंचायत

### सभी की सहभागिता

श्री वर्मा बताया कि वह 2014 से पर्यावरण सरंक्षण की शुरूआत की उन्होने क्षेत्र के गांवो में जाकर युवाओं और महिलाओं को समय-समय पर प्रेरित करते आ रहे है। इस कार्य में आम लोगों का भी सहयोग मिलता है। इनकी शुरूआत उन्होने कॉलेज की पढ़ाई करते हुए अपने गांव में एक छोटी से टोली बनाकर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण करने की मुहिम चालू की। जिसके बाद तेजस्वी वर्मा आसपास के गांवों में भी युवाओं को जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण की मुहिम छेड़ी। आज कई गांवो व सड़क किनारे, दुकानों के आसपास उनके द्वारा रोपे गए पौधे पेड़ बनकर लोगों को छांव व शुद्ध हवा दे रहे है।

**फैल रहा असंतोष, कांग्रेस आंदोलन की तैयारी में**

# सड़क बन गई पर प्रभावितों को नहीं मिला मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

दनिया सड़क निर्माण के दायरे में आने वाले मकान, शेड और प्रभावित किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। सड़क निर्माण में लगातार अनियमितता की शिकायत मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं होनेके बाद अब आंदोलन की सुगबुगाहट शुरू हो गई है।

एडीबी परियोजना के तहत छुईखदान से दनिया सड़क निर्माण को लेकर किसानों और लोगो में आक्रोश बढ़ते जा रहा है। किसानों और आम लोगों का आरोप है कि नगर में बने शेड को तोड़ने, बिना भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान के सड़क बना दिया गया है। निर्माण होने के बाद अधिकारी और उनके एनजीओ द्वारा सहायता राशि देने में आनाकानी किया जा रहा है।



### कांग्रेस ने दी चेतावनी

कांग्रेस के नेताओं ने प्रशासनिक चुप्पी पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि 15 दिन के भीतर मुआवजा प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो तहसील का घेराव, धरना और आमरण अनशन किया जाएगा।

### न सीमांकन और न मूल्यांकन

नवंबर 2022 में तत्कालीन एसडीएम ने राजस्व और एडीबी अधिकारियों की बैठक लेकर सीमांकन रिपोर्ट और प्रतिवेदन पेश करने का आदेश दिया था। अब तक लगभग 141 प्रभावित किसानों की जमीन का न सीमांकन हुआ ओर न ही गणना पत्र बांटा गया। प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि अब तक नहीं मिली है।

### 141 किसान मुआवजे से वंचित

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार छुईखदान- दनिया सड़क के लिए कुल 227 किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई थी। अब तक केवल 86 किसानों को ही मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। शेष 141 किसान आज भी मुआवजे के लिए भटक रहे हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत को शेड की राशि नहीं मिली है। पता चला है कि उदयपुर और खपरी दरबार आदि गांवों के किसान मुआवजा के लिए लगातार तहसील और जनपद कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। चैनराम साहू, हरिनंद साहू सहित कई किसानों की जमीनें सड़क में चली गईं, लेकिन अब तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है।

# चखना दुकान में मारपीट आरोपी को भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान शराब दुकान में मृतक जाहिद खान से मारपीट करने वाले आरोपी राकेश जायसवाल पिता सीताराम जायसवाल को पुलिस ने गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि मृतक जाहिद खान और चखना दुकान में कार्य करने वाले के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। चखना दुकान में कम करने वाले आरोपी राकेश जायसवाल ने राकेश के साथ जमकर मारपीट किया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### क्षेत्र में बढ़ा आक्रोश

घटना के बाद क्षेत्र में चखना दुकान में काम करने वाले के विरुद्ध आक्रोश बढ़ते जा रहा है। नागरिक चौक चौराहे पर बोलने लगे हैं कि आरोपी किसकी शह पर यहां काम कर रहा था। उसे भी आरोपी बनाया जाए और चखना दुकान के ठेकेदार पर भी कार्यवाही किया जाए। उल्लेखनीय है कि चखना दुकान में आए दिन लड़ाई झगड़े होते रहता है। पिछले दिनों मारपीट होने की खबर आई थी।

### बिहार का रहने वाला है आरोपी

पुलिस के अनुसार चखना दुकान में काम करने वाला राकेश जायसवाल पिता सीताराम जायसवाल ग्राम तिवई बिहार का निवासी है। उसके विरुद्ध धारा 103 (1) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी राकेश जायसवाल को गत 3 जून को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## देवव्रत की जयंती पर फल वितरण



**छुईखदान।** स्व राजा देवव्रत सिंह की जयंती के मौके पर परिजनों एवं समर्थकों ने जिले के अस्पताल में फल और खाने के सामान का वितरण किया।

बुधवार को श्री सिंह की जयंती के अवसर पर परिजनों एवं समर्थकों ने जिले के स्वास्थ्य केंद्रो में जाकर भर्ती मरीजों को फल वितरण किया एवं खाने का सामान दिया। श्री सिंह की पुत्री और जिला पंचायत सदस्य शताक्षी सिंह, पुत्र राजा आर्यव्रत सिंह, उज्जवला सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेवारा, उदयपुर और खैरागढ़ के अस्पताल में फल वितरण किया।

इस मौके पर संजीव दुबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, अरशद हुसैन, किशन रजक, राजेश चौबे, आशु खान, आलोक यादव, अख़्तर सोलंकी, पुरुषोत्तम वर्मा आदि उपस्थित थे।

# राजगामी की जमीन से हटाया कब्जा

- लोगों ने बाड़ी और मकान बना रखा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नगर पंचायत क्षेत्र में राजगामी संपदा की भूमि पर कई वर्षों से कब्जा जमाए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके अतिक्रमण को ढहा दिया गया। प्रशासन ने 26 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई किया। जानकारी के अनुसार छुरिया में राजगामी संपदा की काफी जमीन है। लोगों ने बाड़ी बनाकर कब्जा कर लिया है। अतिक्रमण का दायरा बढ़ाने के साथ लोगों ने पक्के मकान भी बना लिया था।

### कार्रवाई जारी रहेगी

राजगामी संपदा के सीईओ अभिषेक तिवारी ने कहा कि नगर पंचायत सीमा में राजगामी की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। 26 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाया गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



### रसूखदारों पर कार्रवाई नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजगामी संपदा की भूमि पर कई रसूखदारों ने भी कब्जा करते हुए पक्के मकानों का निर्माण कर लिया है। इसकी भी शिकायत राजगामी संपदा के अधिकारियों से कई बार किया गया लेकिन अधिकारियों ने रसूखदारों के खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं किया है।

### 26 के अतिक्रमण का खुलासा

जानकारी के अनुसार राजगामी संपदा की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत होने के बाद जब सर्वे कराया गया तो खसरा नंबर 442 का टुकड़ा 3880 वर्ग फीट पर कब्जा करने की शिकायत सही मिली। जानकारी के अनुसार राजगामी संपदा की भूमि के सर्वे में 26 लोगों द्वारा अतिक्रमण कर बाड़ी और मकान निर्माण करने का खुलासा हुआ था। सर्वे के बाद तहसील कार्यालय से 26 अतिक्रमणकारियों को गत 25 मई को नोटिस जारी कर 2 जून तक अवैध कब्जा हटाने कहा गया था। निर्धारित समय सीमा में अवैध कब्जा नहीं हटाने के बाद राजस्व और पुलिस की टीम ने अतिक्रमण को ढहा दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार विजय साहू, थाना प्रभारी संतोष भुआर्य, पटवारी श्री कोमा सहित अन्य मौजूद थे।

**मनाया गया विश्व साइकिल दिवस, स्वच्छता का दिया संदेश**

# नगर में निकली साइकिल जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर योग समिति एवं नगर पंचायत ने स्वस्थे भारत, स्वस्थ छुईखदान एवं स्वच्छ पर्यावरण का संदेश देते हुए साइकिल जागरूकता रैली निकाला।

रैली का शुभारंभ जयस्तंभ चौक में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजा गिरिराज किशोर दास ने हरि झंडी दिखाकर किया। साइकिल रैली का आयोजन योग समिति के अध्यक्ष संजय महोबिया, योग प्रशिक्षक मोहन जंघेल, संचालक अशोक चंद्राकर एवं सीएमओ कमलनारायण जंघेल के नेतृत्व में किया गया।

यह आयोजन साइकिल के प्रति जागरूक करने और उसके उपयोग को बढ़ावा देने किया गया था। रैली जयस्तंभ चौक से प्रारंभ होकर शांति चौक, बैंक आफ़ बड़ौदा चौक, कंडरा पारा, राजमहल चौक, सेठपारा, ब्राम्हण पारा, जमुना चौक, लक्ष्मणपुर, श्यामपुर, टिकरीपारा होते हुए हाईस्कूल मैदान पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में सुजनु पांडे, जगत राम, सुखनंदन, मानिक राम, कुमारू, घनश्याम, मानिक श्रीवास, कमल वैष्णव, मेलाराम, धनीराम, आशाराम, लतेल धुर्वे, जग्गूद, राजकुमार वर्मा जो नियमित साइकिल का उपयोग करते है को योग समिति ने श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया।



### बारिश के दिनों में पौधे लगाने का संकल्प

सीएमओ कमलनारायण जंघेल ने पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक मुक्त, कचरा मुक्त शहर एवं बारिश के दिनों में एक पेड़ लगाने की शपथ दिलाया। साइकिल रैली में योग समिति, जय जगन्नाथ सेवा समिति के सदस्य, नगर पंचायत के कर्मचारी, शक्ति कोचिंग के छात्र एवं बड़ी संख्या में बच्चे, युवा तथा नागरिक सम्मिलित हुए।

## श्रमदान कर की सफाई



**डोंगरगढ़।** स्वच्छता पखवाडा के तहत नगर पालिका एवं भाजपा के जनप्रतिनिधियों के साथ नगर वासियों ने महावीर तलाब में श्रमदान कर सफाई किया। सभी ने इस दौरान पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। महिला सफाई कमांडों एवं कर्मचारियों आदि ने तालाब के चारो ओर फैली गंदगी और कचरे को साफ करने के साथ टंका तालाब से 3 ट्रैक्टर कचरा निकाला। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सीएमओ सीके शर्मा ने स्वच्छता के लिए जन समूह को शपथ दिलाया। इस मौके पर डी एकेश राव, शिवांगी साखरे, राजेश रेखा राघोरते, शारदा यादव, बबिता साहू, देवेन्द्र साखरे, राजा सेन, भुपेन्द्र मरकाम, अनिष निर्मलकर, अमित जैन, हरिश मोटघरे, इंजीनियर भुवनलाल, राकेश भावते, नितिन बख्शी, राजेश कंडरा सहित अन्य उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

WORLD ENVIRONMENT DAY

हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिन पर्यावरण के ज्वलंत मुद्दों के बारे में आम लोगों को जागरूक करने और इस दिशा में उचित कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख साधन है। देखा जाए तो ये दिन हमारे भविष्य के बारे में है। अगर हमारा पर्यावरण नहीं बचेगा तो हम भी नहीं बचेंगे। इसलिए Earth Day के साथ-साथ यह दिन बाकी सभी दिनों से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि बाकी दिन तभी मनाये जा सकते हैं जब उन्हें मनाने के लिए हम बचे रहें और विश्व पर्यावरण दिवस हमे बचाने की दिशा में एक बेहद जरूरी कदम है। **पेड़ लगाएंः**- ये आप अच्छी तरह से जानते हैं, पर करते नहीं हैं। एक काम करिए इस बार जब आपका बर्थडे आये या आपके बच्चे का बर्थडे आये तो उस दिन एक पेड़ लगाइए और उसका कोई नाम रखिये आपके या आपके बच्चे के साथ उसे भी बड़ा होते देखिये।

**बिजली बचाएंः**- हम जितनी अधिक बिजली बचायेंगे उतनी कम बिजली प्रोड्यूस करनी पड़ेगी। भारत में कुल बिजली उत्पादन का लगभग 65% thermal power plants से होता है, जो कोयले का इस्तेमाल करते हैं और वातावरण में $CO_2$, $SO_2$ जैसी जहरीली गैस छोड़ते हैं.। हमारा बिजली बचाना हमारे वातावरण को बचाएगा।

**पानी बचाएंः**- Ground water levelदिन प्रति दिन गिरता जा रहा है पर फिर भी लोग पानी की बबार्दी पर ध्यान नहीं देते। अगर हम छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें तो काफी पानी बचा सकते हैं।





















## सार समाचार

### राजस्व शिविर छह को

**डोंगरगांव।** कलेक्टर के निर्देश पर आगामी छह जून को तहसील कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, सीमाकंन, डासवर्सन, आरबीसी 6- 4, किसान किताब, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाने संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।शिविर में जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर करना संभव होगा का तुरंत निराकरण किया जाएगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण आज

**सड़क अतरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कल गुरूवार को सड़क अतरिया, चकनार, मानपुर, संड़ी सहित क्षेत्र के विभिन्न पंचायत, स्कूल एवं संस्था द्वारा वृहद रूप में पौधा रोपण किया जायेगा। जिसे लेकर तैयारी चल रही है। सभी जगह फल एवं छांवदार तथा औषधी युक्त पौधा का रोपण किया जायेगा तथा ग्रामीणों को पर्यावरण का महत्व समझा कर इसके संरक्षण के लिऐ प्रेरित किया जायेगा।



### कबीर महोत्सव 8 को

**उपरवाह।** ग्राम बघेरा में आठ जून को श्री सद्गुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम सुबह नौ बजे गुरु महिमा पाठ, बरसाईत पाठ, निशान पूजा से होगा। 10 बजे कलश शोभा यात्रा निकाला जाएगा। दोपहर एक बजे अतिथियों का उद्बोधन होगा। अपरान्ह तीन बजे महंत ओहंगदास साहेब एवं संत मंडली का सत्संग प्रवचन होगा। शाम पांच बजे प्रसादी वितरण होगा।

### पचमढ़ी एडवेंचर शिविर में हुए शामिल

**राजनांदगांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पचमढ़ी मध्यप्रदेश में आयोजित राज्य स्तरीय पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन



एवं व्यक्तिव विकास शिविर में जिले के 18 स्काउट-गाइड रोवर रेंजर 2 प्रभारी सहित कुल 20 सदस्यों का दल शामिल हुआ। जिला प्रभारी स्काउट मास्टर नारद भुआर्य, गाइड कैप्टन अंजलि वैदय के नेतृत्व में स्काउट रोवर राहुल साहू, लिकेश्वर, रिन्कू, कमल, नारायण, धनंजय, हिमांशु, कृष, उत्तम, युवराज एवं गाइड रेंजर जिज्ञासा, लेकेश्वरी, कशिश, वेदिका, गीतू, रोहणी, नम्रता, योगिता, हेमलता ने शिविर में शामिल हुए। प्रतिभागियों ने सतपुड़ा की पहाड़ियों एवं जंगल का भ्रमण कर ट्रेकिंग की बारीकियों एवं सावधानियों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेते राजेन्द्र गिरी पार्क, जटाशंकर बी फॉल पांडव गुफा का भ्रमण किया। रोप सिकलिंग शूटिंग रॉक क्लाम्बिंग बोटिंग आर्चरी सहित साहसिक गतिविधियों में भाग लिया।

### कोर्स में शामिल हुए जिले के स्काउट एवं गाईड

**राजनांदगांव।** स्काउट एवं गाईड यूनिट लीडर का सर्वोच्च प्रशिक्षण हिमालय वुड बैज कोर्स का आधारशिला न्यू सैनिक स्कूल बिलासपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिज्ञा, नियम, झंडा गीत, राष्ट्रगान, ध्वजारोहण प्रार्थना, शिविर ज्वाल गांठे, लेसिंग यूनिफॉर्म पयोनियरिंग, बैंक वुड मैन कुकिंग प्रवेश से राष्ट्रपति अवार्ड के पाठ्यक्रम की जानकारी एवं स्काउटिंग की उत्तपत्ति इतिहास वुड बैज स्टोरी का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण से दल संचालन तथा जिला व विकासखंड के स्काउट-गाइड गतिविधियों में गुणत्मक विकास होगा। प्रशिक्षण शिविर में राजनांदगांव जिले से स्काउट विभाग अंतर्गत टोमन पटेल, नरेन्द्र धमगेश्वर, दाताराम निषाद, तुलसीराम साहू, नीलकंठ धुर्वे, डेहर साहू तथा गाईड विभाग से राखी रामटेके, सरिता साहू, अंजली वैदय शामिल हुए।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 20 पौवा बरामद

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर 20 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 जून को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोहारा रोड राखी बाड़ी के बाजू खाली जगह पर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी दिलीप गुप्ता 42 वर्ष निवासी ग्राम मनकी को अवैध रूप से शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़कर आरोपी के विरूध धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया किया गया।

### चाकू लहराते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** आम स्थान पर चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 जून को पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि नंदई चौक के पास आरोपी हाथ में धारदार चाकू रखकर आने-जाने वाले आम जनता को डरा-धमका रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी दामेश साहू 20 वर्ष निवासी टेडेसरा को घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

पृष्ठ 09 का शेष

### पुराने वृक्षों को...

वृक्ष का संरक्षण तो अधिकांश लोग करते हैं, पर गांव में सार्वजनिक स्थानों पर वर्षों पुराने पेड़ की देखरेख करने का मिसाल यहां दिखलाई पड़ता है। आश्रम परिसर में कपूर से लेकर नारियल के पेड़- गांव में स्थित प्रख्यात सदगुरू कबीर मंदिर आश्रम है। जिसमें देश के अलावा विदेशों से भी कबीर पंथ के अनुयायी भी हजूर अर्धनाम साहेब जी के जन्म भूमि स्थली का दर्शन करने पहुंचते हैं। जिनके हाथों भी यहां पौधरोपण कराने का बेहतर प्रयास किया जाता है। श्री सदुगुरू कबीर सत्संग सेवा योग आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू एवं प्रबंधक योगदास साहू ने बताया कि पर्यावरण को ध्यान में रखने समिति का भी पौधरोपण का प्रयास रहा है। आश्रम के परिसर में रक्त चंदन, सफेद चंदन, रूद्राक्ष, कपूर, अशोक, कचनार, नारियल, आंवला, आम, कदंब, बरगद , पीपल, रातरानी सहित कई प्रकार के पौधे लगाए गए हैं, जो अब वृक्ष का रूप ले रहे हैं। उक्त गांव के युवा सूर्या फाउंडेशन से जुड़कर भी पौधरोपण वृक्षों की देखरेख एवं साफ-सफाई इत्यादी में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। बहरहाल गांव के बुजुर्ग पौधों का यहां के लोग संरक्षित रखने हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

## निधन



### दयाराम धुर्वे

**सड़क अतरिया।** संड़ी निवासी शिक्षक दयाराम धुर्वे का सोमवार को निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मुक्तिधाम में किया गया।

# ग्रामीणों के प्रयास से दो सौ साल पुराने वृक्ष की बढ़ गई उम्र

## प्राकृतिक विरासत को धरोहर के रूप में सहेजकर रखे हैं ग्रामीण, पेड़ के चारों ओर बनाया चबूतरा

दामोदर वैष्णव ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र के सड़क अतरिया, संड़ी, जीराटोला सहित कुछ गांव ऐसे हैं, जहां वृक्ष को प्राकृतिक विरासत के रूप में सहेजकर रखा गया है। ग्रामीण वृक्ष की महत्ता को भलि-भांति जानकर अपने गांव का धरोहर बनाकर रखे हुए हैं। इन वृक्षों की उम्र कहीं डेढ़ सौ तो कहीं दो सौ साल से पुराना बताया जाता है। इस वृक्ष के तले पुराने समय से चौपाल, विभिन्न पारंपरिक आयोजन, रीति-रिवाज की कार्य योजना पर चर्चा सहित अन्य निर्णय लिया जाता है।

### पेड़ के रखरखाव पर विशेष ध्यान

ऐसा ही एक वृक्ष सड़क अतरिया के मुख्य मार्ग में स्थित इमली का वृक्ष है। जिसने अंग्रेजों की गुलामी और देश की आजादी को देखा है। यहां के ग्रामीण इसे काफी सहेजकर रखे हुए हैं। इस वृक्ष को अंग्रेज जमाने का बताया जाता है। वर्तमान में गांव में ऐसे कोई बुजुर्ग नहीं है, जो इसकी सही उम्र बता सके। जानकार ग्रामीण इस वृक्ष को लगभग दो सौ साल पुराना बताते हैं। दो दशक पहले वृक्ष झुककर उखड़ने लगा था। ग्रामीण अपने इतिहास और धरोहर को खोता देखकर योजना बनाई और वृक्ष के चारों ओर एक मजबूत चबूतरा बना दिया तथा रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया। वृक्ष फिर से हराभरा होकर खड़ा हो गया। इस इमली वृक्ष को गांव की एक विशेष पहचान के रूप में जाना जाता है। गांव के बुजुर्ग रतिराम बताते हैं कि यह इमली का वृक्ष तब से है जब गंड़ई-छुईखदान के मध्य सड़क की पगडंड़ी हुआ करती थी।



### राहगीरों का सहारा

गांव के किसान, मजदूर काम से लौटकर इस वृक्ष की छांव में आराम करते थे। राहगीर भी इस वृक्ष की छांव में सुकुन महसूस कर आगे बढ़ते थे। इस वृक्ष की छांव में गांव के सभी बच्चे दिनभर अपने पारंपरिक खेलों में मस्त रहते। आज भी ग्रामीणों के लिए इस वृक्ष की उपयोगिता कम नहीं हुई है। इसे यात्री प्रतिक्षालय के रूप में भी उपयोग किया जाता है। बस में आने-जाने वाले राहगीर इस वृक्ष की छांव से अपने सफर के लिए निकलते हैं। इस मार्ग से गुजरने वाला शायद ही ऐसा कोई शख्स हो, जो सड़क अतरिया के इस इमली वृक्ष को न जानता हो।

## बिना मार्कशीट के पूरक परीक्षा, शिक्षातंत्र पर उठ रहे सवाल

# पांचवी-आठवीं के मार्कशीट के लिए भटक रहे हैं अभिभावक और बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कक्षा पांचवी और आठवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल 2025 को घोषित कर दिया गया है, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में छात्रों को उनकी मार्कशीट उपलब्ध नहीं कराई गई है। यह स्थिति न केवल छात्रों और अभिभावकों को भ्रमित कर रही है, बल्कि पूरे प्राथमिक माध्यमिक शिक्षा तंत्र पर भी सवाल खड़े कर रही है।

जिन बच्चों का भविष्य और शैक्षणिक दिशा इस परिणाम पर आधारित है, वे आज निश्चित जानकारी के अभाव में यह तक नहीं जान पा रहे हैं कि वे किस श्रेणी में पास हुए हैं। इधर अंधेरगर्दी चौपट राजा की तर्ज पर आज से पांचवी-आठवीं की पूरक परीक्षा लिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग 16 जून से 'शाला प्रवेश उत्सव' मनाने की तैयारी कर रहा है। जिसका उद्देश्य बच्चों को स्कूल से जोड़ना और नामांकन दर बढ़ाना है, लेकिन बुनियादी सवाल यह है कि जब बच्चों को पांचवी-आठवीं के उनके परिणाम की सही जानकारी ही नहीं, तो वे आगे की कक्षा में कैसे प्रवेश लेंगे? इधर 10वीं और 12वीं के परिणामों को ऑनलाइन माध्यम से प्रकाशित किया गया है। जिससे छात्रों व अभिभावकों को त्वरित जानकारी मिल गई है, लेकिन प्राथमिक कक्षाओं एवं माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों के लिए कोई ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। जिससे मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के दूरदराज़ बीहड़ क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में रहने वाले अभिभावक और बच्चे एक अनिश्चितता की स्थिति में बंद स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं।




### फर्द सीट के आधार पर परीक्षा

मोहला तथा अंबागढ़ चौकी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि फर्द सीट के आधार पर पांचवी तथा आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की पूरक परीक्षा 4 से 12 जून तक लिए जा रहे हैं।

### अपने ढर्रे पर चला रहे हैं सरकारी व्यवस्था

एक ओर सरकार शिक्षा को अधिकार के रूप में प्रचारित करती है। वहीं दूसरी ओर छात्रों को उनके परीक्षा परिणाम की जानकारी तक नहीं देना शिक्षा के अधिकार कानून की मूल भावना के विपरीत है। बताया जा रहा है कि दुर्ग में मार्कशीट की छपाई हो रही है, जो त्रुटि पूर्ण होने के कारण छप नहीं पाया है। जिसके कारण पांचवी कक्षा में मोहला विकासखंड से 1523 मानपुर, 1811 अंबागढ़ चौकी 1854 तथा आठवीं कक्षा में मोहला में 1472, मानपुर में 1657 व अंबागढ़ चौकी में 1916 अध्यनरत छात्र-छात्राओं को अब तक मार्कशीट नहीं मिल पाया है।

### मार्कशीट के लिए घूमा रहा है विभाग

पांचवी-आठवीं कक्षा में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि जबसे परीक्षा हुई है, तब से वे शिक्षक व स्कूल प्रबंधन से मार्कशीट की जानकारी मांग रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें "ऊपर से निर्देश नहीं आए हैं" मार्कशीट पहुंचा नहीं है, जैसा जवाब मिलता है। ग्रामीण इलाकों में जहां पहले से ही शिक्षा संसाधनों की कमी है। ऐसे में अभिभावक और छात्र शिक्षा विभाग के कार्यप्रणाली से बेहद परेशान हैं।

### छपाई में हो रहा है विलंब

त्रुटि होने के कारण मार्कशीट छपाई में विलंब हो रहा है। जल्द ही छात्र-छात्राओं को अंक सूची उपलब्ध कराई जाएगी।
- **फत्तेराम कोसरिया,** जिला शिक्षा अधिकारी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

## सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घेरा पीडब्ल्यूडी

**राजनांदगांव।** जिले की सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार किए जाने के मामले को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आज लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव करते प्रतीकात्मक नोटो का हार भेंट करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते ठेकेदारों से कमीशनखोरी का आरोप लगाया। युवा कांग्रेस द्वारा लोक निर्माण विभाग परिसर में प्रदर्शन करते कार्यपालन अभियंता को बुलाने की मांग की जा रही थी। इस दौरान उनके अनुपस्थित रहने पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विभाग के अन्य अधिकारी को अपना ज्ञापन सौंपते हुए विभाग के चैनल गेट पर ही प्रतीकात्मक नोटो की माला बांध दी। युवा कांग्रेस द्वारा अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि भर्रेगांव झोला सड़क और खुज्जी- पांगरीकला-मरकाकसा पुलिया निर्माण में लाखों के भ्रष्टाचार किया गया है। लगभग 2 करोड़ की लागत से भर्रेगांव झोला सड़क के निर्माण में विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदार के साथ मिलीभगत और भ्रष्टाचार कर घोटाला किया है। युवा कांग्रेस द्वारा उक्त दोनों सड़क की जांच कार्रवाई नहीं करने पर 10 दिनों के बाद उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। युवा कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, राजा यादव, संदीप सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।



### एक्सपायरी डामर का प्रयोग

प्रदर्शन को लेकर युवा कांग्रेस के महासचिव कुबेर वैष्णव ने कहा कि भर्रेगांव से झूला और खुज्जी से पांगरी रोड निर्माण में ठेकेदार द्वारा गड़बड़ी करते 30-40 लाख रुपए का चूना विभाग को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पांगरीकला सड़क पर एक्सपायरी डामर डाला गया। जिससे सड़क उखड़ रही है। वहीं उन्होंने बताया कि लगभग एक माह पूर्व जांच के लिए शिकायत किया गया था, लेकिन विभाग द्वारा जांच टीम भी अब तक नहीं बनाई गई है। ठेकेदारों से यहां के अधिकारी कमीशन लेते हैं, इसलिए आज प्रतीकात्मक नोटो का हार लेकर प्रदर्शन किया गया है।

## शिवनगर बुल्स, शंकरपुर फाइटर्स एवं शांतिनगर शूरमा ने जीता मैच

**राजनांदगांव।** रूद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित राजनांदगांव हॉकी लीग प्रतियोगिता के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच शिवनगर बुल्स विरुद्ध गौरीनगर राइजिंग स्टार के मध्य खेला गया। जिसमें शिवनगर बुल्स ने मैच में 4-0 से जीत हासिल की। शिवनगर बुल्स की ओर से अमल चौबे एवं उदित मनी साहू ने 2-2 गोल किए।

दूसरा मैच शंकरपुर फाइटर्स विरुद्ध गवर्नमेंट प्रेस टाइटंस के मध्य खेला गया। जिसमें शंकरपुर फाइटर्स ने जीत हासिल की। शंकरपुर फाइटर्स की ओर से तुषार ने दो गोल तथा पियूष एवं हर्ष ने एक-एक गोल अपने टीम के लिए किए। वहीं गवर्नमेंट प्रेस टाइटंस की ओर से नमन देवांगन, निखिल यादव एवं अभिषेक मंडावी ने एक-एक गोल किए। तीसरा मैच शांतिनगर शूरमा विरुद्ध चिखली ड्रैगंस के मध्य खेला गया। जिसमें दोनों टीम दो-दो गोल की बराबरी के बाद निर्णय शूटआउट के माध्यम से आया। जिसमें शांतिनगर शूरमा ने जीत हासिल की। रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगांव हॉकी लीग के तहत खेले गए दूसरे दिन के मैच के दौरान अतिथि के रूप में अमर लालवानी महासचिव पूज्या सिंधी समाज राजनांदगांव, अर्जुन गंगवानी मीडिया प्रभारी पूज्य सिंधी समाज, डायरेक्टर संजीवनी हॉस्पिटल डॉ. राघव वर्मा, पार्षद शिव वर्मा एवं कन्हैया सुनील साहू, कैलाश धाम मंदिर समिति के सदस्य संध्या जोशी, अनीता पाल, हेमलता प्रजापति, दीपमाला नायडू एवं नीलम मेश्राम, वरिष्ठ पत्रकार द्वारका यादव, ब्राम्हनंद चौबे, मंगल सिंग राजपूत, मोनिका राजपूत, विष्णुनंद चौबे, ललित नायडू, आशुतोष लारिया एवं सुरेश डेकाटे ने खिलड़ियों से परिचय प्राप्त की।

### आज के मैच

कल 5 जून को 4 मैच खेले जाएंगे। जिसमें पहला मैच 2 बजे रामनगर हीरोस विरुद्ध शिवनगर बुल्स, दूसरा मैच 3 बजे सोलहखोली स्ट्राइकर्स विरुद्ध रमन बाजार वारियर्स, तीसरा मैच 4 बजे शंकरपुर फाइटर्स विरुद्ध चिखली ड्रैगन्स एवं अंतिम व चौथा मैच 5 बजे शांतिनगर शूरमा विरुद्ध गवर्नमेंट प्रेस टाइटन्स के बीच खेला जाएगा।

## राजधानी से डॉक्टर चला रहा छुईखदान में अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के छुईखदान में संचालित एक निजी अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करते हुए युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कलेक्टर को दुबारा आवेदन देकर मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

गुलशन तिवारी ने कहा कि 16 अप्रैल 25 को उन्होंने जिला प्रशासन से गर्भवती महिला व नवजात शिशु के इलाज के दौरान मौत, नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन, अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की कमी, बायोमेडिकल वेस्ट के निपटान में अनियमितता और स्वास्थ्य योजनाओं के दुरुपयोग जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए निजी अस्पताल की जॉच की मांग की थी लेकिन हाल ही में सामने आई एक नई जानकारी ने मामले को और भी गंभीर बना दिया है। उन्होंने बताया कि उक्त निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. जितेन्द्र कुमार ताम्रकार रायपुर स्थित पं जवाहरलाल नेहरू



मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग में रेजिडेंट डॉक्टर रजिस्ट्रार के पद पर भी पदस्थ हैं। यदि वे सरकारी सेवा में कार्यरत हैं, तो उनका निजी अस्पताल में कार्य करना एनपीए नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि रायपुर और छुईखदान के बीच लगभग 110 किलोमीटर की दूरी को ध्यान में रखते हुए यह व्यवहारिक रूप से असंभव है कि एक व्यक्ति एक ही समय में दोनों स्थानों पर सेवा दे सके। इससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि या तो सरकारी नौकरी में गंभीर लापरवाही हो रही है या फिर नियमों का जानबूझकर उल्लंघन किया जा रहा है।

गुलशन तिवारी ने इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच और संबंधित डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग के साथ चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र जांच शुरू नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस आंदोलन करने पर विवश होगी और कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा।

### अप्रैल में दिया था आवेदन


छुईखदान के एक निजी अस्पताल में इलाज के अभाव और स्टाफ की गंभीर लापरवाही, न्यूनतम चिकित्सीय सुविधा, जबरन पैसे वसूली, बायोमेडिकल वेस्ट के निपटान की समुचित व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की कमी के कारण गर्भवती महिला की मौत को लेकर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने बीते 16 अप्रैल 25 को तत्कालीन कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से जॉच की मांग करते हुए आवेदन दिया था , लेकिन एक महीने से उपर का समय बीत जाने के बाद भी कोई जांच और कार्रवाई नही होने पर उन्होंने दुबारा कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंदवाल को ज्ञापन सौंप पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए निजी अस्पताल पर कार्रवाई और जिम्मेदार डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि इस पूरे मामले ने जिले मे न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को उजागर किया है बल्कि सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही पर भी सवाल खड़ा कर दिया हैं।

# मैदान के बाद बाजार से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जेंटस क्लब मैदान से अतिक्रमण हटाने के बाद नगर प्रशासन ने बुधवार को पुराने बस स्टैंड, बाजार एरिया में सड़क तक फैली दुकानों के खिलाफ कार्रवाई किया। प्रशासन ने सामानों के साथ टीन शेड को भी हटाया ताकि आवाजाही आसानी से हो सके।

उल्लेखनीय है कि पुराने बस स्टैंड के काम्पलेक्स, वार्ड 4 स्थित काम्पलेक्स सहित वार्ड पांच के हिस्से में स्थित दुकानों के सामानों को बाहर तक फैलाकर रखा जा रहा है। सड़क तक दुकानदारों का कब्जा होने से आवागमन बाधित हो रहा था। लोगों की परेशानी हो देखते हुए हाल के दिनों में नगर प्रशासन ने सर्वे के बाद 81 दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी कर 3 जून तक की मोहलत दिया था। निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटाने के बाद बुधवार को नगर प्रशासन के साथ राजस्व और पुलिस प्रशासन ने हटाने की कार्रवाई शुरू किया। पुराने बस स्टैंड में प्रशासनिक टीम के पहुंचने पर नोटिस नहीं मिलने और अन्य क्षेत्र से पहले अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर गहमागहमी का माहौल बन गया था। लोगों के विरोध को देखते हुए प्रशासनिक टीम ने वार्ड चार और पांच में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किया।



### सड़क हुई चौड़ी

प्रशासनिक कार्रवाई के बाद श्रीराम द्वार से चंडी मंदिर तक सड़क अब क्लीयर हो गई है। यहां लोगों ने पांच से दस फुट तक सामान फैलाकर रखना शुरू कर दिया था जिससे वाहनों का गुजरना मुश्किल हो गया था। इसी प्रकार चंडी मंदिर से दुर्गा मिल और वार्ड चार के व्यवसायिक परिसर की दुकाने जो सड़क तक फैल गई थी को हटाया गया। इस दौरान तहसीलदार पीएल नाग, सीएमओ विनम्र जेमा, थाना प्रभारी श्री श्रीवास, पटवारी बीरेन्द्र साहू, श्री राणा, लेखापाल भारद्वाज सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### चबूतरा के अतिक्रमण को बख्शा

उल्लेखनीय है कि व्यसायिक परिसर के दुकानदारों ने लोगों की आवाजाही के लिए बनाए गए चबूतरा पर कब्जा करने के साथ सीढ़ी के नीचे सड़क तक सामान फैलाकर रखना शुरू कर दिया था। प्रशासन ने सीढ़ी के बाहर रखे सामान और शेड को तो हटा दिया किन्तु चबूतरा को खाली नहीं कराया है। गौरतलब है कि पूर्व कार्यकारिणी के कार्यकाल में चबूतरा पर कब्जा देने की तैयारी हो गई थी। चबूतरा पर कब्जा देने के पीछे चल रहे खेल का खुलासा होने के बाद आबंटन प्रक्रिया को टाल दिया गया था।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर -15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## कार्रवाई : सात वर्षों से पुलिस के नजरों से फरार आरोपी तरेगांव पुलिस के गिरफ्त में

# हत्या के फरार स्थायी वारंटी को तरेगांव पुलिस ने मध्यप्रदेश से धर-दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश द्वारा लगातार अपराध व अपराधिक गतिविधियों में प्रभावी कार्यवाही किया जा रहा है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में कबीरधाम पुलिस को एक उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए सात वर्षो से फरार स्थायी वारंटी आरोपी को मध्यप्रदेश के सीधी जिले से गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 22 मार्च 2017 को प्रार्थी गहरू सिंह बैगा द्वारा थाना पंडरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 23 मार्च 2017 को ग्राम मगरवाड़ा में वाहन क्रमांक सीजी 09 एफ 6786 के चालक त्रिवेणी यादव ने उसे फोन कर सूचना दी कि उसका ट्रक खराब हो गया है और आगे नहीं जा सकता। उसने प्रार्थी को अपनी पत्नी को वहीं से ले जाने कहा। प्रार्थी अपनी पत्नी पार्वती बाई एवं उसकी साथी रामबाई को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जी 0464 में बैठाकर वापस लौट रहा था, तभी आरोपी त्रिवेणी यादव ने जानबूझकर ट्रक से मोटर सायकल को जोरदार टक्कर मारी। इस दुर्घटना में पार्वती बाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई और प्रार्थी एवं रामबाई को गंभीर चोटें आई। प्रारंभ में अपराध धारा 304 भादवि के तहत दर्ज किया गया, लेकिन विवेचना में आरोपित की मंशा स्पष्ट होने पर अपराध में धारा 302 भादवि जोड़ी गई। प्रकरण में शव का पोस्टमार्टम, घायलों की चिकित्सकीय जांच एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाहियां की गई। वहीं प्रकरण में आरोपी त्रिवेणी यादव घटना दिनांक से ही फरार था। लगातार प्रयासों के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो पाने पर न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कबीरधाम (नरेन्द्र कुमार तेंदुलकर) द्वारा दिनांक 15 जनवरी 2020 को स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। जिस पर थाना पंडरिया के प्रकरण में नामजद आरोपी त्रिवेणी यादव मूलतः थाना तरेगांव का निवासी है, जिसकी गिरफ्तारी तरेगांव पुलिस की सटीक सूचना संकलन, निगरानी और समर्पण का परिणाम है। सात वर्षो से फरार चल रहे स्थायी वारंटी की गिरफ्तारी से यह प्रमाणित होता है कि कबीरधाम पुलिस न्याय दिलाने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस कार्यवाही से न केवल पीड़ित पक्ष को न्याय की ओर एक ठोस कदम मिला है, बल्कि जिले में कानून व्यवस्था के प्रति आमजन का विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ हुआ है।

### आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई



मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी त्रिवेणी यादव पिता बंशपति यादव निवासी ग्राम चांदवाही, थाना बहरी, जिला सीधी मध्यप्रदेश में निवासरत है। सूचना पर थाना तरेगांव से निरीक्षक संग्राम सिंह एवं उनकी टीम तत्काल रवाना होकर ग्राम चांदवाही पहुंचे। वहां दबिश देकर आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर विधिसम्मत कार्यवाही की गई।

# डोमसरा में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम डोमसरा में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा प्रवक्ता नृसिंहदेव गोस्वामी महाराज सेवाधिकारी श्रीराधारमण मन्दिर वृन्दावन महाराज द्वारा 28 मई से 5 जून तक आसपास क्षेत्र के भक्तजनो को कथा रसपान कराया जा है। जिस पर कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन श्री कृष्ण एवं बाल सखा सुदामा चरित्र एवं सुखदेव द्वारा परीक्षित जी को दिए गए उपदेश का वर्णन करते हुए कहा कि श्री कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता समाज के लिए एक मिशाल है। सुदामा के आने की खबर सुनकर श्री कृष्ण व्याकुल होकर दरवाजे की तरफ दौड़ते हैं, पानी परात को हाथ छूवो नाहीं, नैनन के जल से पग धोए, श्रीकृष्ण अपने बाल सखा सुदामा की आवभगत में इतने विभोर हो गए कि द्वारका के नाथ हाथ जोड़कर औरंग लिपट कर जल भरे नेत्रों से सुदामा का हाल चाल पूछने लगे। इस प्रसंग से हमें यह शिक्षा मिलती है कि मित्रता में कभी धन दौलत आड़े नहीं आती, स्व दामा यश्य सः सुदामा अर्थात अपनी इंद्रियों को जो दमन कर ले वही सुदामा है। सुदामा की मित्रता भगवान के साथ नहीं स्वार्थी उन्होंने कभी उनसे सुख-साधन या आर्थिक लाभ प्राप्त करने की कामना नहीं की, लेकिन सुदामा की पत्नी द्वारा पोटली में भेजे गए चांवलों ने भगवान श्रीकृष्ण से सारी हकीकत कर दी और प्रभु ने बिन मांगे सुदामा को सब कुछ प्रदान कर दिया। कथा में सुदामा चरित्र का वाचन हुआ तो उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। साथ ही साथ उन्होने सुखदेव परीक्षित की कथा सुनाते हुए कहा कि सुखदेव जी ने परीक्षित को अंतिम उपदेश देते हुए कहा कि कलयुग में कोई दोष होने पर भी एक लाभ है। इस युग में जो भी कृष्ण का कीर्तन करेगा उसके घर कली कभी नहीं प्रवेश करेगा। मृत्यु के समय परमेश्वर का ध्यान और नाम लेने से प्रभु जीव को अपने स्वरूप में समाहित कर लेते हैं, उन्होंने बताया कि जन्म, जरा और मृत्यु शरीर के धर्म है, आत्मा के नहीं आत्मा अजर-अमर है। इसलिए मानव को पशु बुद्धि त्यागकर अपने मन में भगवान की स्थापना करनी चाहिए। भगवान सुखदेव ने सातवें दिन राजा परीक्षित को कथा सुनाते हुए बताया कि यह मनुष्य शरीर ज्ञान और भक्ति प्राप्त करने का साधन है। और यह सभी फलों का मूल है। शरीर देव योग से मिला है जो उत्तम नौका के समान है। उन्होंने कहा कि परमात्मा का सुमिरन मन में होना चाहिए। कीर्तन करने से मनुष्य सभी पापों से मुक्त होकर प्रभु को प्राप्त कर सकता है। वहीं इस कथा में मुख्य-यजमान के रूप में श्रीमती गंगोत्री गणेश चन्द्राकर विराजमान हैं साथ ही साथ आसपास क्षेत्र के भक्तजनों व श्रद्धालुओ द्वारा बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर कथा रसपान कर रहे है।

# खम्हरिया में मोर-गांव मोर-पानी महाअभियान भू-जल संरक्षण अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

ग्राम पंचायत खम्हरिया में सरपंच नरेंद्र निर्मलकर के नेतृत्व में मोर-गांव मोर-पानी महाअभियान भू-जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत पंडरिया ब्लॉक ग्राम पंचायत खम्हरिया में ग्रामवासियों ने मिलकर जल-संरक्षण करने के लिए साथ शपथ लिया। शपथ लेने के पश्चात सभी को संबोधित करते हुए नरेंद्र निर्मलकर ने कहा पानी की एक-एक बूंद को हम सभी को मिलकर बचाना है, तभी आने वाले भविष्य को हम सुरक्षित रख सकते हैं। वर्तमान समय में भू-जल स्तर नीचे गिरता चला जा रहा है व गर्मी बढ़ती जा रही है हम सब की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस अभियान को जन-आंदोलन के रूप में जन-जन तक पहुंचाएं, अपने-अपने घरों में कैच दे रैन के अंतर्गत वर्षा जल वर्षा जल संचनय के लिए वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करें, जिस वर्ष को संग्रहित हो पाए, जिसके लिए हम सबको प्रयास करनी चाहिए और लोगों में जन-जागरूकता फैलानी चाहिए। क्योंकि जल है तो कल है और आने वाला भविष्य सुरक्षित है, नहीं तो जल के लिए त्राहि-त्राहि हो कर दर-दर भटकना पड़ेगा।

वही उपस्थित लोगों से अपील कर अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाए तथा पौधों की संरक्षण करें जिससे जल का उपयोग समुचित मात्रा में करें जल संरक्षण को बढ़ावा दें। इस अवसर पर नरेंद्र निर्मलकर, परषोत्तम निर्मलकर, प्रियंका निर्मलकर, रामकुमार धवलकर, अंजू रजक, रवि रजक, बहोरिक चंद्रवंशी, अनिल धवलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# नाउडीह मस्थित आंगनबाड़ी केंद्र भवन से लगी पानी टंकी व नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त

- आंगनबाड़ी सहायिका व नौनिहाल नन्हे मुन्हे बच्चों को भारी परेशानियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर




कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत जरती के आश्रित ग्राम नाऊडीह आंगनबाड़ी केंद्र भवन में शासन प्रशासन द्वारा नौनिहाल नन्हे मुन्हे बच्चों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पानी टंकी व नल कनेक्शन का निर्माण कराया गया था, लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी व देखरेख के अभाव में पानी टंकी व नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने के कारण आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका व नौनिहाल नन्हे मुन्हे बच्चो को पानी के लिए भारी मसक्कत करनी पड़ रही है।

जिस पर ग्रामीणों व पालक गण ने जिम्मेदारों विभागीय अधिकारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में पुनः पानी टंकी व नल कनेक्शन की व्यवस्था किए जाने मांग की गई ताकि नौनिहाल बच्चों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका को राहत व पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके।

# क्षेत्र के उचित मूल्य की दुकान में चावल उत्सव का अता-पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया क्षेत्र के ऐसे कई शासकीय उचित मूल्य की दुकानों जिसमें चांवल उत्सव का अता पता नही होने के कारण क्षेत्रवासी ग्रामीण चिंतित व परेशान है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 1 जून से 7 जून तक छत्तीसगढ़ प्रदेश में चांवल उत्सव मनाया जाएगा, लेकिन पंडरिया विकासखण्ड क्षेत्र के कई दर्जनों ग्राम पंचायत व ग्रामों में चांवल उत्सव की किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नही है। वहीं राज्य सरकार द्वारा जून, जुलाई तथा अगस्त माह का चांवल एक साथ निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। लेकिन क्षेत्र के उचित मूल्य की दुकानों से आज पर्यन्त तक चांवल उत्सव का अता पता नहीं है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा उचित मूल्य की दुकान का जांच कर कार्यवाही किए जाने अपील की गई आखिरकार क्षेत्र मे राशन दुकान में ताला क्यों लटका हुआ है। साथ ही साथ चांवल उत्सव के तहत 1 से 7 जून तक 3 माह चांवल ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार को चांवल उत्सव का लाभ मिल सकें।

# कलेक्टर ने नालों की सफाई कार्यों का किया निरीक्षण, व्यापारियों से भी मांगा सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बरसात से पहले शहर में जलभराव और संक्रामक रोगों की आशंकाओं को देखते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के प्रमुख नालों की साफ सफाई कार्यों का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने नगर पालिका सीएमओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर के भीतर और बाहरी क्षेत्र के सभी 27 वार्डों में बड़े और छोटे नालों की सफाई पूरी ईमानदारी और गंभीरता से कराई जाए। उन्होंने कहा कि पहले चरण में बड़े नालों की गाद हटाई जाए, इसके बाद बस्तियों के भीतर बहने वाली छोटी-छोटी नालियों की सफाई की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात से पहले वर्षा जल की निकासी की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं, ताकि जलभराव से होने वाली समस्याओं से बचा जा सके। कलेक्टर ने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा नगर पालिका की परिकल्पना को साकार करने के लिए हर स्तर पर सजगता और तत्परता से कार्य किया जाए। नगर पालिका अधिकारी स्वयं सफाई व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग करें और आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त मानव संसाधन की तत्काल व्यवस्था करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी से पालिका के सफाई अभियान और वर्क प्लान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि शहर को स्वस्थ और सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है, जिसमें जनभागीदारी सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

### व्यापारियों ने किया नगर पालिका के प्रयासों का स्वागत

नवीन बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने कलेक्टर के मार्गदर्शन और नगर पालिका के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय बाद शहर के मुख्य नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ हुआ है, जिसकी अत्यंत आवश्यकता थी। व्यापारियों ने नालों में कचरा न फेंकने की अपील को समर्थन देने का संकल्प दोहराया। व्यापारियों ने कहा कि वर्षो से नालों की सफाई नहीं होने से गंदगी, बदबू और मच्छरों की समस्या बढ़ गई थी, जिससे राहगीर, व्यापारी और स्थानीय नागरिक परेशान थे, अब सभी को राहत मिलेगी।

# पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विशेष शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कार्यालय श्रम पदाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मण्डल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार, पंजीयन, पंजीयन नवीनीकरण एवं हितग्राही आवेदन स्वीकृति के लिए जिला कबीरधाम अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से श्रमिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों का पंजीयन एवं योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किया जाएगा।

### कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा
### जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

**// नामांतरण सूचना //**

क्रमांक/ 1231/ राज.वि./ न.पा./ 2025-26

कवर्धा दिनांक 27/5/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद अधिनस्थ नवीन बाजार स्थित B ब्लॉक लाईन दुकान क्रं. 30 श्री मोहन आ. दयाराम गुप्ता कवर्धा के नाम पर आबंटित है, के मृत्यु पश्चात आवेदिका मीरा गुप्ता पति स्व. श्री मोहन लाल गुप्ता कवर्धा के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव प्राप्त आवेदन पर नामांतरण प्रक्रिया हेतु सूचना प्रकाशन किया जा रहा है, इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता को मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के पश्चात या बिना प्रमाण पत्र के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा तथा नामांतरण की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कवर्धा**
**कवर्धा, दिनांक 27/5/2025**

### कृषकों को उन्नत तकनीकों की जानकारी देकर सशक्त बना रहा विकसित कृषि संकल्प अभियान



**हरिभूमि कवर्धा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कृषि रथ कबीरधाम जिले के ग्राम केजेदाह पहुंचा। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू के मुख्य आतिथ्य एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। श्री साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की यह पहल किसानों को खरीफ 2025 की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देने के साथ-साथ कृषि से जुड़ी समस्याओं के समाधान में मददगार सिद्ध हो रही है। उन्होंने उपस्थित कृषकों से खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक से खेती करने, वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों से समय-समय पर मार्गदर्शन लेने तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई फसलों के अनुरूप संतुलित उर्वरकों के उपयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान 17 प्रतिशत नमक घोल द्वारा बीज शुद्धिकरण तथा वेस्ट डिकम्पोजर के प्रभावी उपयोग का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया, जिससे किसानों को तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि यह अभियान 29 मई से 12 जून तक जिले के प्रत्येक गांव में चलाया जा रहा है, जिसमें कृषि एवं समवर्गीय विभाग के वैज्ञानिक और अधिकारी खेती के उन्नत तरीकों, फसल बीमा, आधुनिक तकनीकों, मृदा परीक्षण, बीज उपचार, जैविक खेती तथा शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ किसानों से फीडबैक भी ले रहे हैं। उनके नवाचारों को कृषि अनुसंधान की दृष्टि से दिशा-निर्देशों में शामिल किया जा रहा है।

### हितग्राहियों को जून, जुलाई और अगस्त का चावल एक मुश्त वितरित किया

# कुण्डा उचित मूल्य की दुकान में मनाया गया चावल उत्सव




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

शासकीय उचित मूल्य की दुकान कुण्डा आईडी 572004024 में जनप्रतिनिधियों एवं हितग्राहियों के साथ चांवल उत्सव मनाया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के आव्हान पर 1 जून से 7 जून तक प्रदेश भर में चांवल उत्सव मनाया जाएगा, इस उत्सव के दौरान 81 लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवारो को जून, जुलाई और अगस्त तीन महीनों का चांवल एक मुश्त निःशुल्क वितरित किया जाएगा। राज्य शासन ने इस उद्देश्य में प्रदेश के 13.928 उचित मूल्य की दुकानो को चांवल आबंटित कर दिया है, सभी दुकानों में भंडारण का काम तेजी से किया जा रहा है, ताकि वितरण में किसी प्रकार का बाधा न आए। वहीं कुण्डा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान कुण्डा आईडी 4024 में सोसायटी अध्यक्ष अमन खनूजा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य अंबिका गोलू सोनवानी, सरपंच कुण्डा हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद के उपस्थिति में राशनकार्डधारी हितग्राहियों को तीन माह का चांवल वितरण कर चांवल उत्सव मनाया गया।

चांवल उत्सव के अवसर पर ग्राम सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने कहा पात्र राशनकार्डधारी हितग्राहियों को तीन माह का राशन सुव्यवस्थित ढंग वितरित की जा रही है, यह पहल प्रदेश सरकार की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है इसका उद्देश्य दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों तक समय पर खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर वागीश चंद्राकर, यशवंत चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, शकुंतला चंद्राकर, गणेश सोलंकी, कृष्णा बंजारे, पन्ना साहू, लवकुश साहू, नंदू साहू, सकीना खातून, पुष्पा साहू, भागवत साहू, रुकसाना बेगम, मनोज भास्कर, रमेश सारथी, मनीष सोनवानी, राजू साहू, आनंद परवाना, सचिव रमेश शर्मा, रोजगार सहायक परमेश्वर सोनवानी, विक्रेता लवलेश चंद्राकर, जनक साहू बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### बरसात के मौसम में हितग्राहियों को परेशानी न हो इसलिए 3 माह का चांवल एक साथ वितरीत की: अमन खनूजा

चांवल उत्सव के मौके पर सेवा सहकारी समिति कुण्डा 3093 के अधिकृत अध्यक्ष अमन खनूजा ने कहा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं राज्य के विष्णु देव साय सरकार आगामी बारिश के मौसम में पत्र हितग्राहियों को राशन लेने में असुविधा न हो, इसलिए तीन माह का चांवल एकमुश्त में वितरण किया जा रहा है। श्री खनूजा ने कहा पात्र बीपीएल के साथ साथ एपीएल राशनकार्डधारी हितग्राहियों को भी 3 माह का राशन एक मुश्त दिया रहा हैं। वहीं जनपद सदस्य अंबिका सोनवानी ने कहा पात्र राशनकार्डधारी परिवारों को तीन माह का राशन सामग्री विशेष रूप से चांवल एकमुश्त रूप से वितरित किया गया यह वितरण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के अंतर्गत किया जा रहा है।

हत्या: जिले में तीसरे दिन भी जारी रहा हत्या का सिलसिला

# घर की परछी में सो रहे बुजुर्ग को जिंदा जलाकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र की पोंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम प्रभाटोला में बीते सोमवार को हुई बुजुर्ग ग्रामीण की हत्या और मंगलवार को पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम महली में हुई ग्रामीण की हत्या के बाद बुधवार को भी हत्याओं का यह सिलसिला जारी रहा।

जानकारी के मुताबिक बुधवार को जिले के सिंघनपुरी जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम बामी में भी अज्ञात आरोपी ने एक 70 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी के बाद मृतक के परिजनो ने बुधवार को इसकी जानकारी क्षेत्रीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर दलबल तथा डॉग स्क्वाट के साथ पहुंची पुलिस ने मृतक का शव तो बरामद कर लिया है लेकिन आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। ग्राम बामी में बुजुर्ग को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतारे जाने की घटना सामने आने के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंघनपुरी जंगल थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बामी निवासी झंडी साहू आयु करीब 70 वर्ष गर्मी के चलते मंगलवार-बुधवार की रात अपने घर की परछी में अकेला सो रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने श्री साहू के घर में दबिस देकर उसके शरीर तथा बिस्तर में पेट्रोल डालकर, जिंदा आग के हवाले कर दिया और मौके से फरार हो गया। सोई हुई अवस्था में लगाई गई आग में बुजुर्ग ग्रामीण बुरी तरह झुलस गया। घर की परछी में लगी आग की लपटें, धुंआ और बुजुर्ग ग्रामीण की चीख पुकार सुनकर जब घर के अंदर मौजूद उसके परिजनो ने बाहर निकलकर देखा तो झंडी साहू अपने आप को आग से बचाने के लिए संघर्ष कर रहा था। जिसकी मदद करते हुए परिजनो ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और आग में बुरी तरह से झुलस चुके झंडी साहू की मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिजनो ने इसकी जानकारी सिंघनपुरी जंगल पुलिस को दी। सूचना पाकर डॉग स्क्वाट के साथ मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मौका मुआयना करने के बाद मृतक का शव बरामद कर लिया। वहीं अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक आरोपी के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### घटना के बाद ग्राम बामी के ग्रामीणों में दहशत



बुधवार की सुबह ग्राम बामी के ग्रामीणों के बीच स्थानीय बुजुर्ग को सोई हुई अवस्था में जिंदा जलाए जाने की दिल दहला देने वाली वारदात की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई और लोगों में घटना को लेकर दहशत देखी जा रही है। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर ऐसी क्या वजह थी जिसके कारण इस तरह एक बुजुर्ग को जिंदा जलाकर उसकी हत्या कर दी गई। वहीं इस संबंध में एएसपी पंकज पटेल ने बताया की ग्राम बामी में एक बुजुर्ग को जिंदा जलाकर हत्या किए जाने की सूचना के बाद सुबह पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की विवेचना व कार्यवाही की जा रही है।

# अत्याचार से त्रस्त बेटे ने अपने ही पिता की कुल्हाड़ी से गला रेतकर की हत्या

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, मृतक पिता ने की थी चार-चार शादियां




■ पाण्डातराई पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाया हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

पांडातराई पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत गत मंगलवार को महली गांव में हुए हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने हत्या के इस मामले में मृतक की पहली पत्नी के पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस की माने तो कलयुगी बेटे ने अपने पिता की शराबखोरी तथा अय्याशियों से त्रस्त होकर उसकी हत्या कर दी। इस खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गौरतलब है कि पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम महली में बीते मंगलवार की दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच स्थानीय निवासी रामगुलाल बैगा पिता अमर सिंह बैगा आयु 40 वर्ष की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिन दहाड़े घर में घुसकर उस समय गला रेतकर उसकी हत्याकर दी थी जब वह घर में अकेला था। घटना की जानकारी होने के बाद परिजनो ने इसकी सूचना पाण्डातराई पुलिस को दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तथा मृतक का शव बरामद कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था।

बुधवार को हत्या के इस मामले में पुलिस ने मृतक के 19 वर्षीय बेटे लवकेश बैगा को गिरफ्तार कर खुलासा किया कि रामगुलाल शराब का आदी था और तीन-चार शादियां कर चुका था। आरोपी की मां से उसकी पहली शादी हुई थी। आरोपी जब छोटा था, तब उसकी मां का देहांत हो गया था। शराबी पिता ने कुछ दिन बाद ही दूसरी शादी कर ली और फिर थोड़े दिन बाद दूसरी पत्नी की बहन को भी घर ले आया। पुलिस ने आरोपी के हवाले से बताया कि उसका पिता अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। जिससे परेशान होकर बेटा घर छोड़कर अलग रहने लगा था। फिर भी पिता अपने बेटे से दुर्व्यवहार करता रहा।

इसे लेकर बेटे के मन में पिता के लिए आक्रोश पनप रहा था। इसी बात का बदला लेने के लिए आरोपी बेटा मंगलवार को पिता के घर पहुंचा। उस उक्त आरोपी का पिता घर में अपने पहचान वाले डेहरी निवासी गणपत धुर्वे के साथ शराब पी रहा था। उसी जगह गणपत की पत्नी नागिन धुर्वे भी मौजूद थीं। आरोपी ने पास में रखे तीर और कुल्हाड़ी से पिता रामगुलाल बैगा पर ताबड़तोड़ हमला कर लहुलुहान कर गला काट दिया। फिर घटना के चश्मदीद गणपत और उसकी पत्नी को भी चोटिल कर किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

### पड़ोसियों ने खोला हत्या का राज

आरोपी की धमकी के बाद पति पत्नी घबरा गए और किसी से कुछ कहे बिना अपने घर चले गए। पुलिस को छानबीन में पता चला की हत्या के दिन गणपत और उसकी पत्नी मृतक के घर पर देखे गए थे। पुलिस ने दोनों को थाना लाकर पूछताछ की तो उन्होंने घटना की सारी सच्चाई पुलिस को बताई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी लवकेश को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। कवर्धा एसडीओपी अखिलेश कौशिक ने बताया कि मृतक शराब का आदी था। तीन-चार शादी भी कर चुका था। आरोपी मृतक की पहली पत्नी का बेटा है। मृतक अक्सर बेटे लवकेश से मारपीट करता था, जिससे उसके मन में पिता के लिए आक्रोश था। मंगलवार को बदला लेने के लिए बेटे ने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी लवकेश बैगा को गिरफ्तार कर कवर्धा न्यायालय में पेश किया है।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 20 अप्रैल 2025 को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिलेवार परीक्षा परिणाम की सूची आज विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक रूप से किया जाएगा। परीक्षार्थियों से अपेक्षा की गई है कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध परिणाम में अपने नाम एवं रोल नंबर का मिलान कर लें। यदि किसी आवेदक को प्रदर्शित जानकारी में कोई त्रुटि प्रतीत होती है, तो वह स्वयं उपस्थित होकर अपने गृह जिले के संबंधित सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। डाक या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त दावा-आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जून 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिले में हरित स्वच्छता अभियान शुरू

**कवर्धा।** प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में हरित स्वच्छता अभियान राज्य स्तर पर शुरू हो गया है। इसके तहत जिलेवासियों को प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए प्रेरित और जागरूक किया जाएगा। पूरे जिले में यह अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए गठित दल को जिला भ्रमण के लिए रवाना किया जा रहा है।

# नगर की पानी टंकी में चढ़कर युवति ने किया हाईवोलटेज ड्रामा, पुलिस ने समझा बुझाकर उतारा नीचे

■ प्रेमप्रसंग का मामला, युवक व युवति के परिजनो को थाना बुलवाकर दी समझाईश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में बुधवार को एक युवति ने अचानक नगरपालिका तथा कवर्धा कोतवाली के बीच बनी पानी टंकी की छत में चढ़कर हाईवोलटेज ड्रामा शुरू कर दिया। बताया जाता है कि युवति पानी टंकी के ऊपर चढ़कर रो रही थी। जिस पर पानी टंकी के नीचे से गुजरने वाले राहगीरों की नजर पड़ी और उन्होने किसी अनहोनी की आशंका को भांपते हुए इसकी सूचना तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। मामला युवति से जुड़ा होने के कारण पुलिस भी बगैर देर किए मौके पर पहुंच गई और युवति को समझा कर नीचे उतारने के लिए प्रयास करने लगी लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो युवति इस बात के लिए तैयार नहीं थी। काफी मान मनौवल के बाद पुलिस टीम खुद पानी की टंकी के ऊपर चढ़ी और जैसे तैसे युवति को नीचे लेकर आई। बाद में युवति को कवर्धा कोतवाली ले जाया गया तथा उससे पूछताछ की गई। जिस पर युवति ने जानकारी दी कि वह अपने पड़ोस में रहने वाले एक युवक से प्रेम करती है और उससे शादी करना चाहती है लेकिन युवक की आयु अभी कम होने के कारण वह शादी से इंकार कर रहा है। इसी बात से खफा होकर प्रेमिका आत्महत्या करने की नियत से पानी टंकी में चढ़ गई और हाईवोलटेज ड्रामा शुरू कर दिया। युवति की बात सुनने के बाद पुलिस ने युवति तथा युवक के परिजनो को कोतवाली तलब किया और समझाईश दी।



## स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर न्यू कल्पना रेस्टोरेंट पर जुर्माना



**कवर्धा।** शहर के बस स्टैंड स्थित न्यू कल्पना रेस्टोरेंट में गंदगी फैलाने और सड़क पर कचरा फेंकने की शिकायत पर नगरपालिका की खाद्य सुरक्षा टीम ने सख्त कार्रवाई की। जांच के दौरान रेस्टोरेंट में साफ-सफाई की गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। टीम ने मौके पर ही रेस्टोरेंट संचालक पर 1000 रूपए का जुर्माना लगाया और भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने की कड़ी चेतावनी दी। नगरपालिका प्रशासन ने साफ कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, नगरपालिका अधिकारियों ने दुकानदारों और रेस्टोरेंट संचालकों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही फेंकें, अन्यथा जुर्माना और सख्त दंड के लिए तैयार रहें। नपा प्रशासन के मुताबिक शहर के बस स्टैंड के इंदिरा चौक में संचालित न्यू कल्पना रेस्टोरेंट द्वारा विगत दिनों पीडब्ल्यूडी रायपुर बिलासपुर बायपास निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में दुकानदार द्वारा नाश्ता और बिस्किट सप्लाई किया गया था जो एक्सपायरी हो चुके थे जिसे ध्यान में रखते हुए आज नगर पालिका व खाद्य टीम ने न्यू कल्पना रेस्टोरेंट में दबिश दी। खाद्य टीम ने पाया कि रेस्टोरेंट में गंदगी व्याप्त है तथा रेस्टोरेंट की गंदगी व कचरों को सड़क में खुलेआम फेंका जा रहा था जांच टीम ने न्यू कल्पना रेस्टोरेंट में व्याप्त गंदगियों को देखते हुए 1000 का जुर्माना करते हुए रेस्टोरेंट संचालक को चेतावनी दी तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा।

## वन विभाग ने अवैध अतिक्रमण पर की कार्रवाई, आरोपी भेजे गए जेल



**कवर्धा।** वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) के अंतर्गत चतरी परिसर के कक्ष क्रमांक पीएफ 527 में अवैध अतिक्रमण की सूचना पर वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमित भूमि को खाली कराया। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन, उप वनमंडलाधिकारी सुयश धर दीवान के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार जोशी के नेतृत्व में की गई। प्रकरण में ग्राम मंगली, थाना कुकदूर निवासी मानसिंह, पिता सूतन गोड़ के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 तथा लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को 3 जून 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, पंडरिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया,जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। जिले में वन भूमि पर अवैध कब्जा और पेड़ों की कटाई की घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। ऐसे मामलों पर समय रहते कठोर कार्रवाई आवश्यक है, जिससे वनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आमतौर पर वर्ष भर में कुछ ही मामलों में इस तरह की कठोर कार्रवाई देखने को मिलती है, जबकि आवश्यकता इस बात की है कि ऐसे प्रत्येक मामले में तुरंत कार्रवाई हो, ताकि जंगल और वन्य जीवों का संरक्षण किया जा सके। इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) एवं (पश्चिम) के वन अमले द्वारा संयुक्त रूप से सहयोग किया गया।

# दुर्जनपुर में कृषि विभाग ने किसानों के लिए आयोजित किया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम दुर्जनपुर में गत 2 जून को कृषि विभाग के उप संचालक अमित मोहति के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया।

भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के मंशा अनुरूप यह शिविर किसानों को नई तकनीक की जानकारी, उन्नत खेती, प्राकृतिक खेती, उर्वरक के संतुलित उपयोग इत्यादि पर आधारित था। शिविर में कृषि विज्ञान केन्द्र नेवारी से कृषि वैज्ञानिक डॉ बीबीएस परिहार द्वारा किसानों को कृषि की नई तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विभाग से व्हीके यादव (एसएडीओ) के द्वारा कृषि विभाग से संचालित समस्त योजनाओं को विस्तार से बताया गया तथा पीएम किसान योजना से लाभ लेने सभी पात्र किसानों को 100 प्रतिशत लाभान्वित करने प्रेरित किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि मोहन धुर्वे भाजपा मंडल अध्यक्ष बोड़ला , निलेश गड़ेवाल सरपंच प्रतिनिधि, तुलसीराम जनपद सदस्य प्रतिनिधि, घनाराम पूसाम सरपंच मुड़घुसरी जंगल, कृषि विभाग से पंकज दिल्लीवार एडीओ, उद्यानकी विभाग से आकाश डड़सेना, मत्स्य विभाग से निलेश चंद्रवंशी, पशु विभाग से एमएम सिंग पोसवाल, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विभाग अधिकारी एमएस मरकाम, उत्कृष्ट कृषक मोहन सिंह, गौतम सिंह, गंगाराम बैगा, बिहारी राम बैगा, मडीराम बैगा, मनराखन गड़ेवाल सहित आसपास के किसान व ग्रामीणों की उपस्थित थे।



# भागवत कथा के प्रथम दिवस निकाली गई भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम टाटीकसा में श्रीमद् भगवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस आयोजक परिवार एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा भागवत भगवान के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भागवत कथा व्यास पंडित पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री महराज भागवत मानस, रूसे पंडरिया वाले एवं परायण कर्ता गोवर्धन प्रसाद त्रिपाठी पंडरिया वाले है। अर्जुन प्रसाद तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, टिकेंद्र प्रसाद तिवारी, सूरज तिवारी, मुन्नालाल तिवारी, गोमती प्रसाद तिवारी, शिवपाल तिवारी एवं समस्त हथिया पारसी तिवारी परिवार के द्वारा श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम टाटीकसा सहसपुर लोहारा से पूर्व में 15 किलोमीटर की दूरी पर एवं बीरेंद्रनगर से मात्र 03 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।



शिक्षक सांझा मंच ने किया ऐलान, मांगों को लेकर जारी रहेगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

# शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आव्हान पर विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर विगत दो जून से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन शिक्षकों ने पदांकन के लिए आयोजित काउंसिलिंग का जमकर विरोध किया। साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा एवं प्रांतीय उप संचालक सीडी भट्ट के नेतृत्व में जिले के शिक्षकों ने जिला मुख्यालय के रानी दुर्गावती चौक के पास स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट स्कूल में आयोजित काउंसिलिंग का विरोध करने के लिए प्रातः 8 बजे से एकत्र हो गए थे। त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष घोषित शिक्षकों का कॉउंसलिंग प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ होना था, लेकिन शिक्षकगण ने कॉउंसलिंग का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कॉउंसलिंग के लिए आये शिक्षक भी शिक्षक साझा मंच का साथ देते हुए वे भी नारेबाजी करने लगे, जिसके चलते कॉउंसलिंग समय पर प्रारम्भ नहीं हो सका। कॉउंसलिंग के विरोध को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक साझा मंच के जिला संचालकों से भी चर्चा किया, लेकिन बात नहीं बन पाया। तत्पश्चात भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कॉउंसलिंग विलंब से प्रारम्भ हुआ। शिक्षक साझा मंच ने स्पष्ट किया है कि अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा, जिले के शिक्षकों से पांच जून को प्रातः 11 बजे स्थानीय राजमहल चौक स्थित धरनास्थल में उपस्थित रहने का आव्हान किए हैं।

### जिले में 1499 शिक्षकों के पद हमेशा के लिए समाप्त

जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सेटअप 2008 में निर्धारित पदों के विपरीत किए जा रहे युक्तियुक्तकरण से जिले में शिक्षक संवर्ग के 1499 पद हमेशा के लिए समाप्त कर दिया गया है, जिसमें सहायक शिक्षक के 973, शिक्षक के 486 एवं व्याख्याता के 40 पद शामिल है।

### पहली बार भारी पुलिस फोर्स की उपस्थिति में शिक्षा विभाग ने कराई कॉउंसलिंग

जिले में शिक्षा विभाग में शिक्षकों के नियुक्ति, पदोन्नति, युक्तियुक्तकरण आदि के लिए कई अवसर आए हैं, जिसमें पदांकन के लिए कॉउंसलिंग की आवश्यकता पड़ा है, लेकिन उसमें पुलिस फोर्स की आवश्यकता नहीं पड़ा है। यह पहला अवसर है जिसमें भारी संख्या में पुलिस की मौजूदगी में शिक्षकों का कॉउंसलिंग किया गया।

# मोटर साइकिल व ट्रैक्टर की भिड़ंत मितानिन सहित ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुकदुर

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखनपुर मोड़ के पास बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार मोटर सायकल तथा ट्रैक्टर के बीच हुई जोरदार भिडंत में मोटर सायकल सवार एक महिला सहित चालक ग्रामीण घायल हो गया।

घटना के बाद ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची भावना सेवा संस्थान की एम्बुलेंस से दोनो घायलों को कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। हालांकि अभी तक इस मामले में पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर ग्राम कांदावानी निवासी स्वास्थ्य विभाग की मितानिन कार्यकर्ता कुंवारिया बाई अपने किसी परिचित के साथ सोल्ड मोटर सायकल में सवार होकर डाक जमा करने कुकदुर जा रही थी।



बताया जाता है कि मोटर सायकल चालक ग्रामीण नशे की हालत में था और काफी तेज गति से तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था। इसी दौरान ग्राम लखनपुर मोड़ के पास ग्रामीण मोटर सायकल ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और उसकी भिड़ंत सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से हो गई। दोनो वाहनो की भिड़ंत इतनी तेज थी की मोटर सायकल का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वहीं मोटर सायकल के पीछे बैठी महिला का हांथ टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं मोटर सायकल चालक के भी एक हांथ की ऊंगली तथा एक पैर टूट गया। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना भावना सेवा संस्थान की एम्बुलेंस को दी और दोनो घायलों को कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जहां उनका ईलाज किया जा रहा है।